| |
|---|
| दिनांक 27.08.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 29/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद कासगंज/थाना सोरों**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 26/27.08.2023 को थाना सोरों पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गोला कुंआ तिराहा के पास से मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त छोटे घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सोरों पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसके कब्जे से बरामद मोटर साइकिल चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सोरों पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—छोटे निवासी सराय जुन्नारदार थाना सोरों जनपद कासगंज।

**बरामदगी**

1—चोरी की 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद फतेहगढ़/थाना कोतवाली कायमगंज

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 07 लाख 06 हजार 500 रूपये कीमत के चोरी के 82 मिक्सर ग्राइन्डर बरामद**

दिनांक 26/27.08.2023 को थाना कोतवाली कायमगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जिरखापुर तिराहा के पास से 03 अभियुक्तों 1–कुलदीप 2–विपिन 3–विनोद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 07 लाख 06 हजार 500 रूपये कीमत के चोरी के 82 मिक्सर ग्राइन्डर बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली कायमगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–कुलदीप निवासी बराहिमपुर थाना मेरापुर जनपद फतेहगढ़।

2–विपिन निवासी लुखुरपुरा बक्तावर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर।

3–विनोद निवासी बरना खुर्द थाना जहानगंज जनपद फतेहगढ़।

**बरामदगी**

1–लगभग 07 लाख 06 हजार 500 रूपये कीमत के चोरी के 82 मिक्सर ग्राइन्डर।

## जनपद अमेठी/थाना बाजार शुक्ल

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण**
- **चोरी के 15 हजार रूपये नगद बरामद**

दिनांक 27.08.2023 को थाना बाजार शुक्ल पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मंगरौली तिराहा के पास से 03 अभियुक्तों 1–सोनू 2–शनि कुमार 3–निरहू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण, चोरी के 15 हजार रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना बाजार शुक्ल क्षेत्रान्तर्गत चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बाजार शुक्ल पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सोनू निवासी चमरी का पुरवा थाना खण्डासा जनपद अयोध्या।

2–शनि कुमार निवासी चमरी का पुरवा थाना खण्डासा जनपद अयोध्या।

3–निरहू निवासी चमरी का पुरवा थाना खण्डासा जनपद अयोध्या।

**बरामदगी**

1–चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण।

2–चोरी के 15 हजार रूपये नगद।

## जनपद शाहजहाँपुर/थाना अल्हागंज

- **02 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये कीमत के 01 किलो 500 ग्राम अवैध अफीम**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 26.08.2023 की रात्रि थाना अल्हागंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मंझा पश्चिमी तिराहा के पास से 02 मादक पदार्थ तस्करों 1–अशोक 2–ब्रजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये कीमत के 01 किलो 500 ग्राम अवैध अफीम, 02 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना अल्हागंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—अशोक निवासी मंझा पूर्वी थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर।

2—ब्रजेश कुमार निवासी मेवाती कस्बा व थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये कीमत के 01 किलो 500 ग्राम अवैध अफीम।

2—02 मोबाइल फोन।

3—01 मोटर साइकिल।

**<u>जनपद सहारनपुर/थाना बड़गाँव</u>**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 03 लाख 60 हजार रूपये कीमत के चोरी के 44 कुन्तल 85 किलोग्राम अवैध सरिया**
- **02 इलेक्ट्रानिक चिप बरामद**

दिनांक 26/27.08.2023 को थाना बड़गाँव पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानो से 06 अभियुक्तों 1—इकबाल 2—अफजाल उर्फ आफताब 3—कोमल उर्फ रोहित 4—त्रिलोकी 5—वेदान्त 6—गौरव को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 03 लाख 60 हजार रूपये कीमत के चोरी के 44 कुन्तल 85 किलोग्राम अवैध सरिया, 02 इलेक्ट्रानिक चिप बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 19.08.2023 को थाना बड़गाँव पर अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित किये जाने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद सरिया चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बड़गाँव पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—इकबाल निवासी भौरी थाना पहाड़ी जनपद भरतपुर राजस्थान।

2—अफजाल उर्फ आफताब निवासी डासना थाना मंसूरी कमिश्नरेट गाजियाबाद।

3—कोमल उर्फ रोहित निवासी नगला राम कुवर थाना नारकी जनपद फिरोजाबाद।

4—त्रिलोकी निवासी दमोदरा थाना गुटनी जनपद सिवान बिहार।

5—वेदान्त निवासी जोगीपुर थाना रामनगर जनपद नैनीताल उत्तराखण्ड।

6—गौरव निवासी अतरौला थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी**

1—लगभग 03 लाख 60 हजार रूपये कीमत के चोरी के 44 कुन्तल 85 किलोग्राम अवैध सरिया।

2—02 इलेक्ट्रानिक चिप।

## कमिश्नरेट वाराणसी/थाना मण्डुवाडीह

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 लाख 80 हजार 300 रूपये नगद**
- **लगभग 41 लाख रूपये कीमत के 202 पेटी आनरेक्स कफ सिरफ**
- **01 दो पहिया एवं 01 तीन पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 27.08.2023 को थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर लखनपुर जीटी रोड के पास से 03 अभियुक्तों 1—अजय 2—प्रशान्त 3—हिमांशु को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 02 लाख 80 हजार 300 रूपये नगद, लगभग 41 लाख रूपये कीमत के 202 पेटी आनरेक्स कफ सिरफ, 01 दो पहिया एवं 01 तीन पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अजय निवासी पथरा थाना मुगलसराय जनपद चंदौली।

2–प्रशान्त निवासी पियरी थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।

3–हिमांशु निवासी पानदरीबा थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी।

**बरामदगी**

1–02 लाख 80 हजार 300 रूपये नगद।

2–लगभग 41 लाख रूपये कीमत के 202 पेटी आनरेक्स कफ सिरफ।

3–01 दो पहिया एवं 01 तीन पहिया वाहन आदि।

**कमिश्नरेट आगरा/थाना सदर बाजार**

- **01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार**
- **04 किलोग्राम अवैध चरस बरामद**

दिनांक 26.08.2023 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सीओडी रोड के पास से मादक पदार्थ तस्कर खुर्शीद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 04 किलोग्राम अवैध चरस बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–खुर्शीद निवासी लाछापुर गोपालगंज बिहार।

**बरामदगी**

1–04 किलोग्राम अवैध चरस।

**एस0टी0एफ0–मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, 1.84 कुन्तल गॉजा (अनुमानित मूल्य लगभग 23 लाख रूपये) व तस्करी में प्रयुक्त वाहन ट्रक बरामद।**

दिनांकः 26–08–2023 को एस0टी0एफ0, उ0प्र0 को मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अन्तर्राज्यीय गिरोह के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तस्करी हेतु प्रयोग की जा रही 01 अदद ट्रक सहित 1.84 कुन्तल मादक पदार्थ गॉजा (अनुमानित मूल्य लगभग 23 लाख रूपये) बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः**

विनय कुमार पुत्र सूरजभान निवासी ग्राम चिलमापुर, थाना सकीट, जनपद एटा।

**बरामदगीः**

1– 1.84 कुन्तल गॉजा (अनुमानित मूल्य लगभग 23 लाख रूपये)।

2– 01 अदद ट्रक नं0 यूपी–82–टी–6391

3– 01 अदद आधार कार्ड

4– 02 अदद मोबाइल फोन।

5– 01 अदद डीएल।

6– 01 अदद पैन कार्ड

7– नकद 1250/– रूपये।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय**

दिनांक 26–08–2023 समय 19.30 बजे। खन्नापुर टोल प्लाजा से 300 मीटर पूर्व दिषा में थानाक्षेत्र खन्ना, जनपद महोबा।

विगत दिनों से एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को भारत के विभिन्न राज्यों से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले शातिर तस्करों के सक्रिय होने की सूचनाएँ प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देषित किया गया था। उक्त निर्देष के क्रम में श्री प्रमेष कुमार शुक्ल, पुलिस उपाधीक्षक, एस0टी0एफ0 लखनऊ के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

दिनांकः 26–08–2023 को एस0टी0एफ0 लखनऊ की एक टीम जनपद महोबा में थाना क्षेत्र खन्ना में आपराधिक अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से ज्ञात हुआ कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य उड़ीसा से अवैध मादक पदार्थों की खेप लेकर ट्रक नं0 यूपी–82–टी–6391 से एटा होते हुए हरियाणा जा रहा है। इस सूचना पर उपनिरीक्षक श्री जावेद आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में मु0आरक्षीगण चन्द प्रकाष मिश्र, मृत्युंजय सिंह, कवीन्द्र साहनी, कमाण्डो आफताब आलम, मुख्य आरक्षी चालक राकेष मिश्र की टीम जनपद महोदा के थाना क्षेत्र खन्ना स्थित टोला प्लाजा के पास अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी एवं तस्करों की गिरफ्तारी की प्रत्याषा में इन्तजार करने लगे कि कुछ देर बाद मुखबिर द्वारा बतायी गयी गाड़ी दिखाई दी, जिसे एस0टी0एफ0 टीम द्वारा रोक कर तलाषी करने पर गांजा छिपाया हुआ पाया गया, जिस पर ट्रक सहित उपरोक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके पास से उपरोक्त बरामदगी की गयी।

पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त विनय कुमार ने बताया कि गाँजा लदा हुआ ट्रक संख्याः यूपी–82–टी–6391 जिसके साथ पकड़ा गया है उसे मैंने अजीत चौहान पुत्र अजयपाल निवासी अम्बेडकरनगर, जनपद एटा से रू0 18 लाख में खरीदा है, जिसके एवज में उसे 3.5 लाख रूपये एक मुष्त दे चुका हूँ एवं 50,000/– रूपये प्रतिमाह किष्त के तौर पर देता हूँ। इस ट्रक का पावर आफ एटार्नी अजीत चौहान ने मेरे बेटे अंकित कुमार के नाम कर दिया है। पूरा पैसा भुगतान करने के पश्चात उसके नाम ट्रान्सफर कर देगा। ड्राईवरी का काम करने के दौरान जीतेन्द्र उर्फ जीतू नाम के व्यक्ति से मुलाकात हुई, जिसने अपने को पिपरा कोठी, जनपद गोपालगंज, बिहार का निवासी बताया एवं उसके द्वारा मुझे प्रलोभन दिया गया कि तुम उड़ीसा से मेरा गांजा उत्तर प्रदेष पहुँचा दिया करो, जिसके बदले में काफी पैसा मिलेगा और किसी को पता भी नही चलेगा। जीतू ने मुझे प्रति खेप रू0 60,000/– एक मुष्त देने को कहा था। गाड़ी के इंधन आदि के खर्चे के अतिरिक्त उड़ीसा मे रहने व खाने की व्यवस्था भी करने को कहा था। सामान्यतः जो भी माल मैं ट्रान्सपोर्टर के माध्यम से लोड करता हूँ, उसी के साथ गाँजा भी ले आता हूँ। इससे मुझे काफी लाभ होता है। इसके पूर्व जीतू के कहने पर

उड़ीस से तीन बार गांजा लाया हूँ। उड़ीसा में गाँजा जीतू मेरी गाड़ी मे लोड करवा देता है तथा गन्तव्य स्थान पर पहुँचने पर वह मुझसे गाँजा प्राप्त कर विभिन्न स्थानों पर सप्लाई करता है। इस बार जीतू मुझे उड़ीसा प्रान्त में गाँजा देकर जनपद एटा में मिलने को कहा था कि पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना खन्ना जनपद महोबा में मु0अ0सं0 86/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस का अभियोग पंजीकृत कर दाखिल किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

———————